## खबर संक्षेप

### सुडगाँव की महिला ने स्वरोजगार से बदली अपनी आर्थिक तस्वीर

**मण्डला।** ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली कड़कनाथ कुक्कुट पालन योजना अब कई परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। जनपद पंचायत मोहगाँव के ग्राम सुडगाँव की श्रीमती उर्मिला मार्को इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर सामने आई हैं, जिन्होंने इस योजना से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। वर्ष 2023-24 में उनका चयन कड़कनाथ कुक्कुट पालन योजना के अंतर्गत हुआ। योजना की कुल लागत 4 हजार 400 रुपये थी, जिसमें से 75 प्रतिशत अनुदान शासन द्वारा प्रदान किया गया। योजना के तहत उन्हें 28 दिवसीय 40 कड़कनाथ चूजे, गुणवत्तापूर्ण आहार, आवश्यक दवाइयाँ तथा कुक्कुट इकाई उपलब्ध कराई गई। पशुपालन विभाग ने उन्हें वैज्ञानिक तरीके से पालन-पोषण का प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया। श्रीमती उर्मिला मार्को बताती हैं कि कड़कनाथ मुर्गी अपनी उच्च रोग प्रतिरोधक क्षमता, कम कोलेस्ट्रॉल और अधिक प्रोटीन के कारण बाजार में विशेष मांग रखती है। योजना से जुड़ने के बाद उन्हें घर बैठे रोजगार का अवसर मिला और उनकी आय में निरंतर वृद्धि होने लगी। अब तक वे कड़कनाथ कुक्कुट पालन से लगभग 25 हजार रुपये की आय अर्जित कर चुकी हैं। इस आय से वे अपने परिवार की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा कर पा रही हैं और आत्मनिर्भर जीवन की ओर आगे बढ़ रही हैं। उर्मिला मार्को की यह सफलता कहानी बताती है कि यदि शासन की योजनाओं का सही तरीके से लाभ लिया जाए, तो ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार सकती हैं।

### अपनी करतूत छिपाने किसानों को कर रहे आगे

# सहकारी समिति बनाम भ्रष्टाचार, अनियमितता

* कैसें कुछ हजार वेतन पाने वाले करोड़ों में खेलते।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सहकारी समितियों के माध्यम से धान एवं गेहूं खरीदी हमेंशा से विवादों में रही है धान खरीदी एवं गेहूं खरीदी की तारीखे जैसे ही नजदीक आती है प्रभारी बनने की होड़ लग जाती है और समिति कर्मचारियों की ही माने तो प्रभारी बनने के लिये न केवल काफी जतन करने पड़ते हैं ब्लकि नगद सेवा भी देनी होती है और जब ऐसे में प्रभार प्राप्त होता है तो फिर पुरूस्कार के लिये प्रयास प्रारंभ हो जाते है जिसका परिणाम न केवल हमारे अन्नदाता भुगतते हैं वरन् शासन को भी जमकर चूना लगाया जाता है। कैसें नियमों की अनदेखी कर बिना धान लिये पोर्टल पर चढ़ जाती है जबकि व्यापारियों की धान प्राथमिकता के साथ तुल जाती है और जब इन करतूतों की जांच होती है और पकड़े जाते हैं तो किसानों को आगे कर बचने का कुत्सित प्रयास किया जाता है।


शौर्य भूमि
अवधि समाप्त फिर भी जारी रही धान की तुलाई
खरीदी केन्द्र से 77.63 लाख की धान गायब

कुछ दिनों पूर्व बिछिया विकासखण्ड के दानीटोला में ऐसे ही एक धान उपार्जन केन्द्र का मामला प्रकाश में आया था जिसमें तारीख निकल जाने के बाद भी धान ली जा रही थी लोगों की नजर पड़ी और मामला दानीटोला से मण्डला तक गरमा गया। खाद्य विभाग की टीम पहुंची और रिकॉर्ड खंगाले गये तो लगभग 77 लाख रूपये कीमत की धान गायब पाई गई। सफाई में कहा गया कि प्रभारी को अचानक पारिवारिक काम से जाना पड़ गया लिहाजा उसने किसानों की धान पोर्टल में चढ़ा तो दी लेकिन तौल नहीं करा सका। इतनी जल्दी में था कि अधिकारियों को भी इसकी सूचना नहीं दी न तो फोन ही किया और न ही मैसेज। प्रभारी की यदि इस मानवीय भूल को मान भी लिया जाये तो पूरी धान की तुलाई प्रभारी ही कराता रहा है या कराता आया है तुलाई तो हम्मालों के द्वारा होती है परिसर में प्रबंधक मौजूद थे कम्प्यूटर ऑपरेटर मौजूद था और भी कर्मचारी थे जो तुलाई करा सकते थे लेकिन जब धान खरीद केन्द्र परिसर में मौजूद होती तब तो धान तो तब तक आई ही नहीं थी तभी तो जब दूसरे दिन खाद्य विभाग के अधिकारियों ने जांच की तो परिसर में धान कम पाई गई। यदि किसानों की धान बिन तुले रखी होती तो प्रभारी या प्रबंधक इस बात को अधिकारियों से बताते लेकिन ऐसा नहीं हुआ अब जब जांच हो गई उसके बाद जिन किसानों के माध्यम से धान पोर्टल पर चढ़ाकर उनके माध्यम से भुगतान प्रक्रिया अपनाई जाती रही है उन्हें धान लेकर परिसर में पहुंचा दिया गया और अब यह कहा जा रहा है कि धान तो परिसर में मौजूद थी लेकिन अधिकारियों ने उसे संज्ञान में नहीं लिया यानि अब अपनी गलती को ठीक करने के लिये अधिकारियों पर ही दोष मढ़ने का काम किया जा रहा है। यदि किसी कारणवश धान पोर्टल में चढ़ाई जा चुकी थी लेकिन तौली नहीं गई थी तो किसी भी वरिष्ठ अधिकारियों को खरीदी केन्द्र का कोई भी जिम्मेदार सूचित कर सकता था किसान भी अधिकारियों को जानकारी दे सकते थे सहकारी समिति को भी इसकी सूचना दी जा सकती थी लेकिन जब चोरी छिपे कुछ किया जा रहा हो तो फिर मामला गड़बड़ ही माना जायेगा।

### धान तौल में देरी से काश्तकार परेशान




मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में क्षेत्र के करीब 14 से 15 काश्तकारों ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर धान की फसल की शीघ्र तौल कराए जाने की मांग की। काश्तकारों ने आवेदन में बताया कि उन्होंने अपनी धान की फसल उपार्जन केंद्र राजलक्ष्मी वेयरहाउस, दानीटोला (घुघरी), जिला मंडला में विक्रय हेतु पहले ही जमा कर दी है। साथ ही धान की प्रविष्टि ऑनलाइन पोर्टल पर भी दर्ज की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अब तक तौल की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। किसानों के अनुसार उपार्जन केंद्र क्रमांक 01 एवं 02 में धान की फसल रखी हुई है, जिसकी अनुमानित मात्रा क्रमशः 1620 क्विंटल एवं 339.64 क्विंटल है। नियमानुसार धान की तौल 20 जनवरी 2026 तक पूर्ण हो जानी चाहिए थी, लेकिन उपार्जन केंद्र प्रभारी की लापरवाही एवं प्रशासनिक अड़चनों के चलते तौल नहीं हो सकी। काश्तकारों ने बताया कि तौल में हो रही देरी के कारण उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि धान का भुगतान तौल के पश्चात ही किया जाता है। वहीं लंबे समय तक वेयरहाउस में धान पड़े रहने से उसकी गुणवत्ता खराब होने का खतरा भी बना हुआ है।

## आम के बौर देते ऋतु परिवर्तन का संदेश



जब आम के पेड़ों पर सर्वाधिक बौर आते हैं, तो वह केवल फूलों की बहार नहीं होती, बल्कि ऋतु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत होती है। यह समय दो ऋतुओं की संधि का होता है, जब शीत ऋतु विदा लेती है और ग्रीष्म अपने कदम बढ़ाता है। प्रकृति इस बदलाव के साथ धरती को नई ऊर्जा और नवजीवन से भर देती है।

### ऋतु संधि का प्रभाव

इस संधि काल में वातावरण में गर्माहट बढ़ती है, दिन लंबे होने लगते हैं और जीवन में सक्रियता आती है। आम का बौर इसी परिवर्तन का प्रतीक है, जो यह बताता है कि प्रकृति संतुलन के साथ आगे बढ़ रही है।

### सकारात्मक प्रभावः आशा और समृद्धि का संकेत

जिस वर्ष आम के पेड़ों पर अधिक बौर आते हैं, उस वर्ष अच्छी पैदावार की उम्मीद की जाती है। इससे किसानों के मन में आशा जागती है, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है और बाजारों में चहल-पहल बढ़ती है। उदाहरण के रूप में, अच्छे आम उत्पादन वाले वर्षों में रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और समाज में उत्साह का वातावरण बनता है।

### प्रतिकूल प्रभावःमौसम की अनिश्चितता

हालांकि अत्यधिक बौर होने के बाद भी यदि मौसम प्रतिकूल हो जाए—जैसे असमय वर्षा, तेज गर्मी या ओलावृष्टि—तो फूल झड़ सकते हैं और फलन कम हो सकता है। इसका सीधा असर किसानों की मेहनत और आय पर पड़ता है, जिससे निराशा का सामना करना पड़ता है।

### निष्कर्षःप्रकृति और मानव का संबंध

आम का बौर हमें यह सिखाता है कि प्रकृति हर वर्ष नई शुरुआत का संदेश देती है। अनुकूल परिस्थितियों में वह समृद्धि प्रदान करती है और प्रतिकूल समय में धैर्य व संतुलन का पाठ पढ़ाती है। यही धरती और मानव जीवन के बीच का गहरा, भावनात्मक और शाश्वत संबंध है।

### रात्रि 10 बजे के बाद तेज आवाज में डीजे चलाने पर चालानी कार्रवाई



**मण्डला।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा ध्वनि प्रदूषण एवं नियम उल्लंघन के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कमला पैलेस गार्डन, बिंझिया में रात्रि 10 बजे के बाद तेज आवाज में डीजे संचालित पाए जाने पर संबंधित डीजे संचालक को थाना कोतवाली बुलाकर सख्त समझाइश दी गई। साथ ही मोटर व्हीकल अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत चालानी कार्रवाई करते हुए 3 हजार 500 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया। इससे पहले बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में पुलिस प्रशासन द्वारा मैरिज गार्डन संचालकों एवं डीजे ऑपरेटर संघ की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि डीजे एवं साउंड सिस्टम का संचालन केवल निर्धारित समय सीमा में, निर्धारित डेसीबल मानकों के अनुसार तथा रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी स्थिति में तेज ध्वनि में नहीं किया जाएगा।

### राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य समय पर पूर्ण करें-प्रमुख सचिव

* वीडियो कॉफ्रेंस में राजस्व अधिकारियों को निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रमुख सचिव राजस्व श्री विवेक पोरवाल ने कहा है कि राजस्व अधिकारी विभागीय कार्यों को प्राथमिकता दें। राजस्व वसूली जैसे महत्वपूर्ण कार्य में वित्त वर्ष के दस माह बीत जाने के बाद भी निराशाजनक स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यह विभाग का कोर वर्क है, इसलिए 15 मार्च तक राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करें। प्रमुख सचिव सभी जिलों के कलेक्टर्स और राजस्व अधिकारियों को वीडियो कॉंफ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे।

प्रमुख सचिव ने कहा कि आगामी समय में विधानसभा का सत्र आयोजित होना है, इसलिए विधानसभा प्रश्नों के उत्तर सावधानीपूर्वक तैयार कर 11 फरवरी तक संबंधित शाखाओं को समय पर प्रेषित करें। लंबित आश्वासनों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कलेक्टर जबलपुर और मऊगंज को विशेष रूप से मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अनुरूप प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर विभाग को भेजने के निर्देश दिए।

वीडियो कॉंफ्रेंस में निर्माण कार्यों की भौतिक और वित्तीय प्रगति, स्वामित्व योजना, अनुकंपा नियुक्ति, भू-लेख पोर्टल, साइबर तहसील, एटीआर, फार्मर रजिस्ट्री, नवीन भवन निर्माण प्रस्ताव सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गई। मंडला एनआईसी कक्ष से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम घुघरी श्री हुनेन्द्र घोरमारे सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 6 वाहन जप्त



**मण्डला।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत रूप से कार्यवाहियां की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त शिकायतों के आधार पर कामता माल क्षेत्र में प्रशासन द्वारा खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 6 वाहन, जिसमें ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 1174, ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 जीडी 6792, ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51एए 8789, ट्रेक्टर का चेचिस नंबर 006516554बी1 महिन्द्रा कंपनी, ट्रेक्टर का चेचिस नंबर टी053733246एलपी पावर ट्रेक कंपनी एवं ट्रेक्टर का चेचिस नंबर 926813175721 आइशर कंपनी को राजस्व विभाग द्वारा जप्त किया गया। इन सभी वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी प्रभारी टाटरी की सुपुर्दगी में दिया गया। वाहन के विरूद्ध म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

### पत्रकारवार्ता | देश का बजट विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की दिशा में अगला कदम।

# बजट से निवेश, उद्योग और रोजगार के बढ़ेंगे नए अवसर






* केंद्रीय बजट 2026 पर भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में केंद्रीय बजट 2026 को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि केंद्रीय बजट केवल वित्तीय दस्तावेज नहीं बल्कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत का विजन डॉक्यूमेंट है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने वाला है।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उयके ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले इस बजट में मध्यप्रदेश के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास के लिए ऐतिहासिक अवसर साबित होगा। पूंजीगत व्यय में वृद्धि, शहरी अधोसंरचना के विस्तार और लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम के विकास से प्रदेश को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा मिलने से विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह बजट सभी वर्गों की आशाओं को पूरा करने वाला तथा प्रदेश को दीर्घकालिक आर्थिक समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ाने वाला है।

गौरव, गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता, मध्यम वर्ग और उद्यमियों सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बजट में आर्थिक विकास, जन आकांक्षाओं की पूर्ति और सबका साथ सबका विकास की परिकल्पना स्पष्ट दिखाई देती है। राजकोषीय घाटा कम करने, पूंजीगत व्यय बढ़ाने, हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माण और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश जैसे निर्णय देश को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि इस बजट से मध्यप्रदेश को व्यापक लाभ मिलेगा और वर्ष 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में यह मील का पत्थर सिद्ध होगा।

मंत्री श्रीमती संपतिया उयके ने कहा कि यह बजट युवा शक्ति प्रेरित बजट है जिसका उद्देश्य तेज और सतत आर्थिक वृद्धि, क्षमता निर्माण और सभी क्षेत्रों को समान अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर मिशन, औद्योगिक कॉरिडोर, एमएसएमई सेक्टर सशक्तिकरण, सेवा क्षेत्र विस्तार और नई तकनीकों में निवेश से मध्यप्रदेश में हाई टेक उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इससे डिजिटल निवेश, नवाचार आधारित उद्यमिता और रोजगार सृजन में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि बजट में पारंपरिक औद्योगिक क्षेत्रों के पुनर्जीवन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर विशेष फोकस किया गया है।

बजट में महिला छात्रावास स्थापना, सेवा क्षेत्र विस्तार, हेल्थ सेक्टर सुधार, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं पर राहत, हेल्थ प्रोफेशनल्स प्रशिक्षण तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के प्रावधान शामिल हैं। लखपति दीदी योजना, पशुपालन प्रोत्साहन, अमृत सरोवर योजना और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने वाले निर्णय ग्रामीण रोजगार और स्वरोजगार को नई दिशा देंगे। सेवा क्षेत्र, आईटी, पर्यटन, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश से मध्यप्रदेश को नया आर्थिक आधार मिलेगा।

उन्होंने कहा गया कि कंटेंट क्रिएटर लैब, पर्यटन गाइड प्रशिक्षण, खेल प्रोत्साहन और औद्योगिक निवेश से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। रक्षा बजट में वृद्धि, अधोसंरचना निवेश और नई आर्थिक जोन स्थापना से देश की सुरक्षा, आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ता कदम है। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार कार्यालय मंत्री थामन बरमैया उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पर मंडला में आस्था का अद्भुत चमत्कार, 25 हजार रुद्राक्ष से बना 6 फीट ऊंचा शिवलिंग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मंडला नगर एक अद्भुत और ऐतिहासिक धार्मिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। दिनांक 15 फरवरी 2026 को श्रद्धालुओं के दर्शन एवं पूजन हेतु 25,000 पवित्र रुद्राक्ष से निर्मित लगभग 6 फीट ऊँचा भव्य शिवलिंग भक्तों के लिए स्थापित किया जाएगा। रुद्राक्ष से निर्मित शिवलिंग का सनातन धर्म में अत्यंत विशेष महत्व माना गया है। मान्यता है कि रुद्राक्ष शिवलिंग की पूजा से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है, आध्यात्मिक उन्नति होती है, आत्मा को शांति मिलती है, नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और जीवन में सुख, समृद्धि एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस विशेष शिवलिंग का निर्माण जिला पंचायत मंडला के सामने स्थित हनुमान शेषनाग राम दरबार मंदिर में किया जा रहा है। इस अद्भुत कलाकृति के सृजनकर्ता हैं मंडला जिले के सुप्रसिद्ध बॉटल आर्ट के बादशाह – भाई त्रिलोक सिंधिया। गौरतलब है कि पिछली महाशिवरात्रि पर स्थानीय संसाधनों से तैयार किए गए शिवलिंग से प्रेरित होकर भाई त्रिलोक सिंधिया ने यह संकल्प लिया था कि अगली महाशिवरात्रि पर रुद्राक्ष से एक भव्य और अनोखा शिवलिंग तैयार करेंगे। उनके इस संकल्प को साकार करने में मंदिर व्यवस्थापक सुधीर कांसकार एवं सहयोगी भक्तों ने रुद्राक्ष एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर पूर्ण सहयोग प्रदान किया। लगभग 25 हजार रुद्राक्ष से सुसज्जित यह शिवलिंग एक कलाकार की श्रद्धा, साधना और भावना का जीवंत स्वरूप है, जो न केवल कला है बल्कि शिव भक्ति की अनुपम अभिव्यक्ति भी है। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर भाई त्रिलोक सिंधिया के निवास से ढोल-नगाड़ों एवं भव्य शोभायात्रा के साथ इस रुद्राक्ष शिवलिंग को हनुमान शेषनाग राम दरबार मंदिर लाया जाएगा। महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं को संत-महात्माओं द्वारा रुद्राक्ष प्रदान कर धारण करने का सौभाग्य भी प्राप्त होगा, जिसे संपूर्ण मानव जाति के लिए एक दिव्य वरदान माना जाता है। मंदिर व्यवस्थापक सुधीर कांसकार सदैव कलाकारों को प्रोत्साहित करते आए हैं, और उन्हीं के मार्गदर्शन एवं सहयोग से यह अनुपम रुद्राक्ष शिवलिंग आज जन-जन के दर्शन हेतु साकार हुआ है। हम अपने समस्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया साथियों से विनम्र आग्रह करते हैं कि इस अद्भुत धार्मिक और कलात्मक प्रयास को जन-जन तक पहुँचाकर कलाकार का उत्साहवर्धन करें। समस्त शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं को सपरिवार आमंत्रण कि इस महाशिवरात्रि पर रुद्राक्ष से निर्मित इस दिव्य शिवलिंग के दर्शन कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## खबर संक्षेप

### निर्मल ग्राम पंचायत सहावन की सड़कों पर फैली कीचड़ दिला रही सावन भादों की याद...



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** वैसे भी देखा जावे तो पंचायतों के विकास को लेकर सरकार द्वारा कोई कसर नही छोड़ी जा रही है जिसका परिणाम है कि अनेक ग्राम पंचातयों की सूरत बदलने के चलते वह शहरों की भांति दिखाई देने से नही चूक रही है। क्योंकि उन पंचायतों में बैठे हुये जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने पंचातयों के विकास को लेकर पूर्ण निष्ठा का भाव दिखाते हुये ग्राम विकास पर ज्यादा ध्यान देने में पीछे नही है। मगर कुछ पंचायतों का हाल इस तरह बना हुआ है कि ग्राम विकास के नाम पर हर साल लाखों रूपया खर्च किये जाने के बाद भी पंचायतों को सूरत बद से बत्तर होते हुये देखी जा रही है। इस तरह पंचायतों में हर साल सरकार द्वारा लाखों रूपया पंचायत विकास के नाम पर खर्च किये जा रहे है। वही जिन पंचायतों को निर्मल ग्राम पंचायत के रूप में घोषित किया गया है तो वहां पर सड़को से लेकर गांव के साफ सफाई के नाम पर मानों सरकार द्वारा अपना खजाना ही लूटये जाने के बाद भी इन निर्मल ग्राम पंचायतों की सूरत वर्षो पूर्व जैसी बनी रहने से सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सहावन में देखने मिल रही है। कहने के लिये तो इस पंचायत को निर्मल ग्राम पंचायत का दर्जा मिला हुआ है। मगर पंचायत के अंदर गांव की सड़को पर फैल रही गंदगी जहां चल रहे अगहन माह में सावन भादों महिना की यादों को ताजा करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान के नाम पर हर साल लाखों रूपया खर्च करते हुये चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को भी इस पंचायत में फैल रही गंदगी ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? इस तरह निर्मल ग्राम पंचायत का दर्जा प्राप्त इस पंचायत के विकास कार्यो का गाथा जहां गांव की सड़के खुद ही बताने में कोई कसर नही छोड़ रही है। वही दूसरी ओर जब गांव के लोगों को यहां की सड़को से निकलना होता है तो उन्हें आज भी अपने पजामा को घुटनों के ऊपर तक करने की मजबूरी बन चुकी है। हालत यह बने है कि स्कूली बच्चें अपनी संस्थाओं तक नही पहुंच पा रहे है तो दूसरी ओर गांव की सड़को पर फैली रही गंदगी के चलते अनेक प्रकार के मच्छर जन्म लेते हुये बीमारियों में इजाफा करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। मगर हैरत की बात है कि आये दिन इस पंचायत में जरूरी कार्यो के चलते ब्लाक स्तर से लेकर तहसील तथा जिला स्तर के अधिकारियों का आना जाना होता रहता है।

### गारंटी पीरियट तक भी नही चल पाई प्रधानमंत्री योजना की सड़क?

गाडरवारा। जब क्षेत्र में सड़कों का विकास होता है तो लोग खुशी के मारे फूले नही समाते है उन्हें लगता है कि गांवों में हो रहे सड़को के निर्माण से उनके बच्चों को रोजगार के अवसर पढ़गे? मगर उनकी खुशी चंद दिनों पूर्व बनी सड़कों की दुर्दशा को देखकर रह जाती है कि चंद दिनों पूर्व बनी सड़क टूटना शुरू हो जाती है? इस बात की सच्चाई वर्तमान में चंद वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत ग्राम मगरमुहा से कान्हरगांव तक तथा ग्राम कान्हर गांव से महगंवा खुर्द सड़क में देखने मिल रही है।

# डीजे सहित ध्वनि यंत्रों पर कलेक्टर द्वारा लगाया गया प्रतिबंध साबित हो रहा बेअसर

## अधिकारियों की अनदेखी के चलते देर रात तक तेज आवाज के ध्वनि यंत्र, छात्र छात्राओं सहित आमजन को होना पड़ रहा ह परेशान....

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा





जहां एक ओर सरकार द्वारा बच्चों के भविष्य को ध्यान मे रखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रकार की योजनाएं चलाकर उनका भला करने की सोच रखी जा रही है। जिसके चलते सरकार द्वारा स्कूलों में अध्ययन करने वाले बच्चों को पुस्तकों से लेकर ड्रेस, भोजन व आने जाने के लिए साईकिले प्रदान करते हुए उनके शिक्षा स्तर को ऊँचा बढ़ाने में कोई कसर नही छोड़ रही है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि वर्तमान में जहां तहां खुलेआम डी जे सहित अन्य ध्वनि यंत्र जिस प्रकार से देर रात तक बज रहे है जिसके चलते वोर्ड परीक्षा तैयारियों में जुटे हुये बच्चों को पढ़ाई करना मुश्किल हो रहा है..? गौर किया जावे तो प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव द्वारा बागडोर संभालने के तुरंत बाद ही तेज ध्वनि वाले यंत्रों पर रोक लगाने का आदेश देते हुये धार्मिक स्थलो से भी इस तरह के ध्वनि यत्रों को हटवाने में कोई कसर नही छोड़ी थी..? वही दूसरी ओर कुछ दिनों पहले बच्चों की वोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुये जिला कलेक्टर द्वारा भी डीजे सहित अन्य प्रकार के ध्वनि यंत्रों पर प्रतिबंध लगाया गया है। मगर हैरत की बात है कि जिला कलेक्टर का यह आदेश गाडरवारा क्षेत्र में पूर्व के अन्य आदेशों की भांति मात्र दिखाबा साबित होने से नही चूक रहा है..? क्योंकि स्थानीय स्तर पर बैठे हुये जिम्मेदार अधिकारियों की कार्य शैली से यह प्रतीत होने से नही चूक पा रहा है कि मानों उनके सामने जिला दंड अधिकारी का आदेश कोई महत्व ही नही रखता हो..? क्योंकि प्रतिबंध के बाद भी इस समय शादियों सहित अन्य कार्यक्रमों में खुलेआम डीजे सहित अन्य प्रकार के ध्वनियंत्रों का धडल्ले से उपयोग होते हुये देखा जा रहा है। इस प्रकार से नगर के अंदर शादी घरों से लेकर शहर के चारो ओर देर रात तक बच रहे डीजों के चलते परीक्षाओं की तैयारियों के जुटे हुये छात्र छात्राओं सहित आमजन का रात के समय सोना मुश्किल होने से नही चूक पा रहा है..। ज्ञात हा जिला दंडाधिकारी ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 10 के तहत जिले की राजस्व सीमाओं के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जिसको लेकर अपने आदेश में यह उल्लेखित किया गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्रों जैसे लाउड स्पीकर, डेक, डीजे, बैंड- बाजा एवं अन्य का उपयोग किसी भी निजी/ सार्वजनिक कार्यक्रमों में सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना नहीं करेगा। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वही संबंधित अनुविभाग के अंतर्गत अत्यंत आवश्यक होने पर ही प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के 1/4 वॉल्यूम में (ध्वनि स्तर परिवेशी ध्वनि 10 डेसीबल से अनाधिक पर)




उपयोग की अनुमति देने के लिए विहित प्राधिकारी होगे। यह अनुमति उपरोक्तानुसार वही इस आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 15 के अंतर्गत दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में स्कूल/ कॉलेज की परीक्षायें निकट हैं एवं तेज गति से ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से छात्र- छात्राओं की परीक्षा की तैयारी में विघ्न उत्पन्न होता है, जिससे वे परीक्षा की तैयारी ठीक से नहीं कर पाते हैं। इस कारण उनका भविष्य प्रभावित होता है। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जिला दंडाधिकारी ने उक्त आदेश जारी किया है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि जिला दंड अधिकारी के इस आदेश को एक सप्ताह से अधिक का समय बीतने को है। मगर इसका पालन होते हुये शायद ही कही देखने मिल रहा हो और इसी का परिणाम है कि शहर के अंदर से लेकर चारों ओर खुलेआम देर रात तक डीजे सहित अन्य प्रकार के ध्वनियंत्रों की आवाज सुनाई देने से नही चूक रही है। क्योंकि चंद दिनों के बाद ही वोर्ड परीक्षाओं की शुरूआत होने वाली है। वही छात्र छात्राओं द्वारा दिन रात एक करते हुये अपनी पढ़ाई में जुटे हुये देखे जा रहे है। मगर नगर सहित क्षेत्र में जिस तरह ध्वनि यंत्रों के आलवा अनेक वाहनों सहित आटों में लगे डेक व अन्य प्रकार के लगे हुये ध्वनि यंत्र नगर की गलियों पर देर रात तक बजने के कारण छात्र छात्राओं की पढ़ाई में व्यवधान तो हो ही रहा है साथ ही साथ लोगों का रात के समय सोना तक मुश्किल हो गया है...? क्योंकि नगर के अंदर रात के समय सड़कों पर दौड़ने वाले आटों सहित अन्य गाड़ियों में देर रात तक मटर गस्ती करने वालों द्वारा खुलेआम अपने वाहनों में लगे हुए इन तेज आवाज वाले डेकों को इतनी तेज आवाज से बताया जाता है कि जहां पढ़ाई करने वाले बच्चों का ध्यान विचलित होने के साथ साथ अपने घरों में सोने वाले लोगों की नीदे भी गायब होने से नही चूकती है। जबकि तेज आवाज वाले ध्वनि यंत्रों पर भले मा. उच्च न्यायालय द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। मगर उसका पालन होते हुये शायद ही कही दिखाई दे रहा हो जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि जिले से लेकर स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों को न तो प्रदेश के मुखिया का आदेश कोई महत्व रखता है और न जिले के कलेक्टर तथा मा. उच्च न्यायालय का..? इस तरह नगर में खुलेआम चलने वाले ध्वनि यंत्रों की सच्चाई को लेकर जब स्थानीय स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों से चर्चा की जाती है तो उनके द्वारा कहा जाता है कि यदि कोई व्यक्ति खुद शिकायत करता है तो हम कार्यवाही करने के लिये तैयारी है...? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिम्मेदार अधिकारी जहां मासूम बच्चों के भविष्य को लेकर नजर अंदाज करते हुये शिकायत का इंतजार करते हुये देखे जा रहे है तो फिर सबाल यह पैदा होने से नही चूक रहा है कि क्या जिला कलेक्टर का आदेश उनके समक्ष कोई महत्व नही रखता है...?

# चीचली थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थ सहित गांव गांव बिक रही अवैध शराब से बन रहा संग्राम का महौल



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा मादक पदार्थो के अवैध कारोबार को लेकर लगातार मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की बात कही जा रही है। मगर जिस प्रकार से चीचली थाना क्षेत्र में गांव गांव खुलेआम किराना दुकानों की भांति विक्रय होते हुये देखी जा रही शराब सहित अन्य मादक पदार्थो के अवैध कारोबार की चपेट में आने के चलते युवा पीढ़ी बर्बादी की कगार पर पहुंचने से नही चूक पा रही है तो दूसरी ओर गांव गांव लोगों के बीच लड़ाई झगडा की स्थिति बनते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है..? क्योंकि बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा है जिम्मेदारों की अनदेखी की जावे या फिर मिली भगत के परिणाम के चलते चीचली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शायद ही कोई ऐसा गांव शेष मिलेगा जहां पर शराब का अवैध कारोबारी इस अवैध धंधें में इतने मोहित हो चुके है कि वह अपने इस अवैध धंधे को संचालित करने के लिये अपने आपको बडेवीर का आर्शीवाद मानकर दिन दुगना रात चौगना बढ़ाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? वही दूसरी अन्य मादक पदार्थो का हाल की कुछ इसी तरह से की गांजे के पुड़िया की गिरप्त में आने से युवाओं की जिन्दगी तो बर्बाद हो रही रही है दूसरी ओर यहां पर स्मैक पावडर के कारोबार ने भी अपने पैद अंगद की तरह मजबूत करना शुरू कर दिया है..? चीचली क्षेत्र में स्मैक पावड़र के अवैध कारोबार की सच्चाई गाडरवारा पुलिस थाने का रोजनामचा उजागर करते हुये देखा जा रहा है कि बीते हुये कुछ महिनों पहले जिस तरह गाडरवारा पुलिस द्वारा मादक पदार्थो के खिलाफ चलाई गई मुहिम में कुछ आरोपी इस तरह से पकड़ने में सफलताये हासिल की गई थी जिनकी सच्चाई चीचली थाना क्षेत्र में निवास करने वालों के रूप में उजागर होने से नही चूक पाई थी। मगर हैरत की बात यह है कि इस तरह मादक पदार्थो के सौदागरों को आज तक चीचली पुलिस पकड़ने में सफल न हो पाना निश्चित ही यहां के पेहरेंदारों की भूमिका को सबालों के घेरे में लाने से नही चूक पा रही है..? इस तरह चीचली थाना क्षेत्र में चल रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार की चपेट में युवा पीढ़ी के आने का ही परिणाम है कि जहां क्षेत्र में चोरी जैसी घटनाओं में इजाफा होते हुये देखने मिल रहा है तो दूसरी ओर गांव गांव संग्राम की स्थिति बनने के चलते लड़ाई झगड़े आम बात बन चुकी है..? वही दूसरी ओर पुलिस की उदासीनता कही जावे या फिर मिली भगत के चलते जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा मादक पदार्थो से जिले को मुक्त बनाने के लिये चलाई जा रही मुहिम पर भी ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है..?

### भाई ने बहिन का सिर दीवार में मारते हुये चोट पहुंचाई

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा मायका सोयाबीन प्लाटं कालोनी राजीव वार्ड गाडरवारा में है। मै करीब 1 माह से मायके में रह रही हूँ। बीते हुये दिवस जब मेरा भाई भोजराज जाटव मोबाईल फोन से मेरे पति मुकेश जाटव से बातचीत कर रहा था जो मैने अपने भाई भोजराज से बोला कि क्यो बात कर रहा है तो मेरा भाई भोजराज जाटव बोला कि तु बीच में क्यो बोलती है कहते हुये गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब मैने अपने भाई को गाली देने से मना किया तो उसने बाल पकड़कर प्रार्थिया के सिर को दीवार पर मारते हुये चोट पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने बहिन की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# चीचली में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक संपन्न, परीक्षा में शत प्रतिशत बच्चों की मौजदूगी पर हुई चर्चा




**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** स्थानीय विकासखंड के जनपद शिक्षा केंद्र में विकास खंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट तथा उल्लास नवभारत साक्षरता की बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि उक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए बीआरसी चीचली डी के पटैल ने आगामी 20 फरवरी से प्रारम्भ होने वाली कक्षा पांचवी आठवीं की वार्षिक परीक्षा में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति, परीक्षा पे चर्चा में रजिस्ट्रेशन, आरएसके पोर्टल पर कक्षा पांचवी आठवीं के प्रोविजनल प्रवेश पत्रों में वांछित सुधार, माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का संचालन, मेंटरिंग, बैगलेस डे की गतिविधि आयोजित करना तथा एफएलएन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य, खाद्यान्न उठाव, ड्रॉप बॉक्स, पीएम पोषण आहार मॉनिटरिंग, आईवीआरएस मैसेज, निर्माण कार्य सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश दिये गये। वही बैठक में उपस्थित बीएसी अरुण दुबे एवं एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव ने एजुकेशन पोर्टल 3.0 से संबंधित मुख्य बिंदुओं के आलवा दिव्यांग विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा में मिलने वाली सुविधाओं, विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति, शाला संचालन में मुस्कान एप कंटेंट से संबंधित संवाद, अध्यापन में टीएलएम का उपयोग पर चर्चा की गई। इस प्रकार उल्लास नवभारत साक्षरता के समन्वयक लेखराम गौतम तथा सत्यम ताम्रकार द्वारा ने आगामी 20 फरवरी तक ग्राम, वार्ड, बसाहटों के असाक्षरों के शत प्रतिशत सर्वे, सामाजिक चेतना के संचालन,आदर्श सामाजिक चेतना केंद्र में आवश्यक सामग्री की व्यवस्था, अक्षर साथी चिन्हांकन, मॉनिटरिंग तथा सामाजिक चेतना पंजी के सतत अद्यतन की बात कही गई। वही आगामी मार्च में होने वाले असाक्षरों के मूल्यांकन का चेतना केंद्रवार लक्ष्य उपस्थित सभी से सहसमन्वयक को बताया गया। इस बैठक मे अरुण दुबे, दीपक श्रीवास्तव, खुशबू ब्रिजपुरिया, प्रमोद साहू, सत्यम ताम्रकार,अजय नामदेव, संजय सोनी,अनूप पालीवाल, हेमंत पटैल, ललित पाराशर, हरीश गुप्ता, बुलंद सिंह कुशवाहा, नरेश मेहरा, देवकरण रजक, वीरेंद्र रघुवंशी, संजय सिंह राजपूत, अजेश कुमरे, नेतराम कौरव, अभिषेक पाराशर, कैलाश कहार इत्यादि की उपस्थिति रही।

# विद्यालयों में दिखाया गया परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शुक्रवार को क्षेत्रीय स्कूलों में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी स्कूलों में अपनी संस्था के छात्र छात्राओं को दिखाया गया। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के मन में उठने वाली शंकाओं का समाधान कर उन्हें सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2018 से इस कार्यक्रम में परीक्षाओं के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष कार्यक्रम का यह 9वां संस्करण था जिसको बच्चों ने देखते हुये अपनी परीक्षाओं के लिये दिये गये सुझावों से अवगत हुये। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से नई दिल्ली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न संचार माध्यमों पर किया गया। उल्लेखनीय है कि”परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सहभागिता के लिए विगत 1 दिसम्बर से 11 जनवरी तक विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा प्रदान की गई थी। इसमें मध्यप्रदेश से कक्षा 6वीं से 12वीं तक के अनेक छात्र छात्राओं ने पंजीयन किया था।

## समंवय समितियों का पुनर्गठन शुरू -गायत्री परिवार



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्ग दर्शन में मध्यप्रदेश की समस्त तहसीलों एवं जिला स्तरीय समंवय समितियों की पुनर्गठन प्रक्रिया चल रही है। माता भगवती देवी शर्मा जन्मशताब्दी समारोह हरिद्वार में गायत्री परिजनों के विचार विमर्श उपरान्त, माध्यप्रदेश में संगठन को सशक्त और मजबूत बनाने, युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पुनर्गठन पर जोर दिया जा रहा है।गायत्री परिवार के सप्त सूत्रीय कार्यक्रमों को व्यापक स्तर से जन जन तक पहुंचाने सक्रिय परिजनो से उम्मीद की जा रही है। इस संबंध गायत्री परिवार गाडरवारा के तहसील समन्वयक राजेश कुमार कौरव द्वारा हमारे संवाददाता को बताया गया कि संगठन के सभी दायित्व समय दान, श्रमदान, अंशदान से चलते हैं। सर्वसम्मति से गायत्री परिजनों द्वारा न्यूनतम 11 सदस्यीय सक्रिय परिजनो की समिति का गठन कर शांतिकुंज हरिद्वार से अनुमोदन किया जाता है। तत्पश्चात सप्त सूत्रीय आंदोलन के पृथक पृथक दायित्व सौंपे जाते हैं। समंवय समिति के द्वारा साधना , शिक्षा, स्वाध्याय, स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण,व्यसन मुक्ति और नारी जागरण आदि सप्त आंदोलन पर किये गये कार्यों की मासिक प्रगति नियमित भेजी जाती है। गायत्री मिशन से केन्द्रीय नेतृत्व, संगठन प्रभारी परम श्रद्धेय आ शैलबाला पाण्डेय शैल दीदी द्वारा समन्वय समिति पुनर्गठन संबंधी पत्र जारी कर दिए गये है। पत्रानुसार तहसील स्तरीय पुनर्गठन 28 फरवरी तक, जिला स्तरीय समिति गठन 20 मार्च तक तथा उपजोन स्तरीय समंवय समितियों का पुनर्गठन 30 मार्च 2026 तक किया जाना है। श्री कौरव द्वारा समन्वयक प्रभार से त्याग पत्र देते सभी परिजनों से अनुरोध किया गया है कि गुरु कार्य को महाकाल की सेवा मानकर युग निर्माण की गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर सहभागी बनें।

# आज भी आदिवासी पुस्तैनी धन्धे से कर रहे है अपना जीवन यापन



**हरिभूमि न्यूज/ सिंहपुर छोटा।** केन्द्र व प्रदेश की सरकारो द्वारा भले ही आदिवासियों के उत्थान अनेकों जनकल्याणकारी योजनायें चलाकर उनको लाभान्वित करने की बात कही जा रही है, मगर सच्चाई पर गौर किया जावे तो आज भी आदिवासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ न मिलने पर वे पूर्वजों के समय से चल आ रहे पुस्तैनी धन्धा करके अपना जीवन यापन करने को मजबूर है,इस बात की सच्चाई इस समय समीपस्थ ग्राम गोटीटोरिया वनांचल क्षेत्र में देखने मिल रही है, जहां पर आज भी आदिवासी प्रति रविवार गाडरवारा आकर बाबेर, लाठी, झाडू, माहौल के पत्ता बेच कर रहे है, इन आदिवासियों को कई किलो मीटर वन क्षेत्र से पैदल चलकर ग्राम गोटीटोरिया से बस में भाड़ा देकर गाडरवारा बेचने आना पड़ता है,जो प्रत्येक रविवार को नगर में आने वाले आदिवासी द्वारा माहौल का पत्ता जिससे दोना पत्तल बना करते थें। मगर अब इन पत्तो से निर्मित होने वाले दोना पत्तलों की जगह कागज ने ले ली गई है जिसके चलते अब इन पत्तलों का उपयोग मात्र पान दुकानों पर होते हुए देखा जा रहा है, जिसके चलते इनकी पूछ परख में कमी देखने मिल रही है। मगार इसके बाद भी बाजार में उनको माहौल पत्ता का मरका जिसमें 80 से लेकर 100 जुन्डी पत्ता की रहती है 150 रूपया तथा कावर जिसमें 200 से 250 माहौल पत्ता की जुन्डी रहती है 200 रूपया से लेकर 250 रूपया विका करता है जिसके चलते इतनी मेहनत के बाद चंद रूपया में बिकने वाले इन पत्तों के भरोसे ही यह लोग अपना जीवन काटने के लिए मजबूर देखे जा रहे है, ये आदिवसी ग्राम कौआआम, बरियाढाना, भिलमाढाना, चारगांव एवं छिंदवाड़ा जिले से लगी वार्डर से तक यहां पर पहुंचते है।

# मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे खड़े रहने वाले बड़े वाहन बन रहे परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि ज सड़कों पर यातायात बढ़ रहा है उसके चलते आये दिन घटनाएं घटित होना आम बात होती चली जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो गाडरवारा पिपरिया मार्ग पर जिस प्रकार से बड़े वाहनों की धमाचौकड़ी मची हुई उसके चलते आये दिन घटित होने वाली घटनाओं के चलते आम लोगों की जान खतरे में पड़ रही है, मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि इस मार्ग पर सड़क किनारे बने हुए ढ़ाबो पर जिस प्रकार से सड़क किनारे बड़े वाहन खड़े रहते है उसके चलते यातायात प्रभावित तो हो ही रहा है साथ ही साथ आम लोगों की जिन्दगी भी खतरे से खाली नही है? बताया जाता है कि नगर के समीप शांति दूत तिरहा के पास से लेकर कामती की ओर जाने वाले मार्ग पर बडे वाहनों में ट्रक व डम्फर इस प्रकार से खड़े कर दिये जाते है जिसके चलते जब यहां से छोटे वाहनों व स्कूली बच्चों का निकलना होता है तो उन्हें आगे का मार्ग दिखाई ही नही पड़ता है, कुछ इसी प्रकार का हाल इस मार्ग पर कामती व सांईखेड़ा की ओर जाते वक्त रास्ते में पड़ने वाले ढ़ाबों के पास देखा जाता है जहां पर दिन दिन भर इन बड़े वाहन चालको द्वारा अपने वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा करते हुए भोजन करने में लग जाते है और आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए छोड़ दिया जाता है, इस प्रकार से सड़क किनारे खडे होने वाले वाहनों की ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने से लग रहा है कि शायद प्रशासन द्वारा किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने का इंतजार किया जा रहा हो? क्योंकि सड़को के किनारे ढ़ाबाओं का संचालन करने वालो द्वारा अपने स्वार्थ के चलते कारोबार तो किया जा रहा है मगर उनके द्वारा इन वाहनों के पार्किग हेतु कोई उचित व्यवस्था नही बनाई गई है जिसके चलते वाहन चालक सड़क किनारे ही अपने वाहनों को खड़ा करने से नही चूकते है? इस सच्चाई को लेकर प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की जा रही है कि नगर के आमगांव नाका शांतिदूत तिरहा सहित इस मार्ग के ढ़ाबो के सामने सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहनों पर अंकुश लगाया जावे।

# बालश्रम कानून का कागजों पर पालन, यह योजना मात्र कागजों तक ही सीमित नजर आ रही है...?



**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** शासन द्वारा बाल मजदूरी रोकने जारी निर्देशो का पालन कराने मे जहां जिला प्रशासन नाकाम रहा है वही बाल श्रमिकों के उत्थान हेतु चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी संबंधितों को नही मिल पा रहा है? जबकि पूर्व मे कारखाना अधिनियम 1948, खदान अधिनियम 1952 जहाज अधिनियम 1958, वृक्षारोपण अधिनियम 1961 तथा मोटर परिवहन श्रम अधिनियम के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार के कारखानों एवं खदानों,मोटर यातायात आदि पर काम मे लगाना वर्जित है? वही हर वर्ष एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है जिसमें नेताओं से लेकर समाजसेवी संस्थाओं द्वारा मजदूरों व मासूमों के उद्वार हेतु बड़ी बड़ी बाते कही जाती है, मगर वह बाते मात्र उसी दिन तक ही सीमित रहे है? और यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो आजादी के बाद बाल श्रमिकों की किसी भी श्रमिक संगठन को याद नही आई, जिन बच्चों के हाथ मे किताब कापी होना चाहिए उन्हे पेट भरने के लिए कचरा बीनना, सिर पर लकड़ी का गट्टा ढोना, होटलो मे कम प्लेट धोना आदि नियति बन चुकी है। वही जिले मे तमाम बाल श्रमिकों की तादात लगातार बढती जा रही है। मगर इसके बावजूद भी जिले के श्रमिक कार्यालय मे बच्चों के सही आंकड़े भी शायद तक मौजूद नही है। वही गरीबी व अज्ञानता के चलते आज भी हजारों बच्चों का स्कूल से नाता जुड़ नही पाया है, और उन्हे दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए स्वयं कड़ी मेहनत मशक्कत करनी पड़ रही है। इस तरह जहां एक ओर शासन द्वारा साक्षरता का अलख जगाने के लिए गांव गांव मे स्कूल खोले गये है तथा बच्चों को मेहनत मजदूरी से अलग रखा गया है फिर भी गरीबी के चलते अनेक मासूम बच्चे सरस्वती के वरदान से वंचित दिखाई दे है। ग्रामीण अंचलों मे भोर मे उठना तथा अपने पेट की खातिर कुल्हाड़ी लेकर जंगल जाना लकड़ी काटना, भैस, गाय, बकरी चराना और रूपये कमाना जिंदगी बन गई है, इस प्रकार से शासन द्वारा करोडो की योजनाओं के बाद भी इन बेसहारा बच्चों के रहन सहन मे कोई बदलाब नही आ सका, इनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है, गरीबी और भुखमरी के चलते इन बच्चों के माता पिता चाहकर भी शिक्षा दीक्षा न दिलाकर मजदूरी करवाने को विवश है? क्या करे गरीबी अभिशाप बन गई है बच्चों का सहारा लेना जरूरी भी और मजबूरी भी बन गया है।

# जनसमस्याओं पर चौपाल: कलेक्टर ने रामगढ़ व अमरपुर में विकास कार्यों का लिया जायजा

डिंडौरी।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शनिवार को विकासखंड अमरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़, अमरपुर सहित अन्य ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर जनसमस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।ग्राम पंचायत रामगढ़ में रानी अवंतीबाई किला एवं पार्क से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर प्रशासनिक अमले के साथ रामगढ़ पहुंचीं और किला पार्क परिसर में ग्रामीणों के साथ चौपाल आयोजित की। चौपाल में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, बाउंड्री वॉल, गेट मरम्मत, पौधों के संरक्षण, मंदिर एवं परिसर की पुताई सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

ग्रामीणों द्वारा पार्क के संचालन को लेकर हैंडओवर की मांग रखे जाने पर कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि पार्क शासकीय संपत्ति है, जिसे किसी व्यक्ति या समूह को सौंपना विधिसंगत नहीं है। पार्क





का संचालन एवं संधारण ग्राम पंचायत द्वारा ही किया जाएगा, जिससे व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित बनी रहें।ग्रामीणों ने पार्क के गेट, दीवार एवं बाउंड्री क्षतिग्रस्त होने तथा पानी की पाइपलाइन और नलों के टूटे होने की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सचिव श्री सुनील ठाकुर एवं सरपंच श्रीमती वंदना ठाकुर को 15वें वित्त आयोग मद से आवश्यक मरम्मत कार्य कराते हुए पार्क के सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। चौकीदार की व्यवस्था न होने पर श्रीमती शील मेंहदेले द्वारा चौकीदार की मासिक मजदूरी स्वयं वहन करने की पहल की सराहना करते हुए पार्क की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा गया।

निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित नवीन सामुदायिक भवन की भूमि का समतलीकरण पार्क परिसर के समीप किए जाने पर कलेक्टर ने आपत्ति जताई और निर्देश दिए कि पार्क की सुंदरता प्रभावित न हो, इसके लिए भवन निर्माण किसी अन्य उपयुक्त स्थल पर किया जाए। साथ ही एसडीओ आरईएस, इंजीनियर एवं सरपंच को निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम पंचायत अमरपुर में प्रस्तावित नवीन सामुदायिक भवन स्थल का निरीक्षण किया और सचिव व इंजीनियर को निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा ऋतु से पूर्व भवन का कार्य पूरा हो सके।

इस दौरान सरपंच श्रीमती वंदना ठाकुर, सचिव सुशील ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, गजराज सिंह मेंहदेले, श्रीमती अंजलि वर्मन, तहसीलदार शशांक शेंडे, एसडीएम सुश्री भारती मेरावी, सहायक यंत्री सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बरगांव में यात्री प्रतीक्षालय सह दुकान निर्माण का भूमि पूजन संपन्न

शहपुरा।

शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगांव में ग्रामीण सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए यात्री प्रतीक्षालय सह दुकान निर्माण कार्य का भूमि पूजन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह निर्माण कार्य जिला पंचायत सदस्य निधि से तीन लाख रुपये की लागत से किया जाएगा।



विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात अतिथियों द्वारा भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए संबंधित अमले को गुणवत्ता के साथ समयसीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व विधायक एवं वर्तमान जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 9 डॉ. चैन सिंह भवेदी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंदेल, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 15 टेकेश्वर साहू, जनपद पंचायत सदस्य कीर्ति भीमशंकर साहू, सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र ब्यौहार, सरपंच गुड्डी बनवासी, पूर्व सरपंच नत्थूलाल बनवासी, उपयंत्री चेतराम साहू, ग्राम रोजगार सहायक दिलीप कुशराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि यात्री प्रतीक्षालय सह दुकान के निर्माण से यात्रियों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक प्रतीक्षा स्थल उपलब्ध होगा, वहीं दुकान के माध्यम से स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार एवं छोटे व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे गांव की आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली, रोजगार एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित मांगें जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखीं। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि ग्राम पंचायत बरगांव के सर्वांगीण विकास हेतु सभी जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## खबर का असर: ग्राम पंचायत ढोंढा के सचिव निलंबित, प्रशासन ने की कार्रवाई

शहपुरा।




जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोंढा में गंभीर अनियमितताओं और लापरवाही की खबर सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया है। मामले को लेकर उच्च अधिकारियों ने त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रारंभिक जांच के आधार पर यह कदम उठाया उल्लेखनीय है कि कार्यदिवस के दौरान पंचायत भवन में ताला लटकने और कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पंचायत कार्यालय बंद रहने से प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन प्रकरण, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन एवं अन्य आवश्यक शासकीय कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे थे।

इसके साथ ही पंचायत में नियमित उपस्थिति न होना, समय पर कार्यों का निष्पादन न करना, हितग्राहियों को अनावश्यक रूप से भटकाना तथा कार्यालयीन व्यवस्थाओं की अनदेखी जैसी कई लापरवाहियां भी सामने आई थीं। इन गंभीर खामियों को उजागर किए जाने के बाद जिला स्तर पर अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच उपरांत ग्राम पंचायत ढोंढा के सचिव को निलंबित करने की कार्रवाई की गई।प्रशासन की इस कार्रवाई से ग्रामीणों में यह आशा जगी है कि अब पंचायत स्तर पर हो रही लापरवाही, उदासीनता और मनमानी पर अंकुश लगेगा। वहीं यह भी अपेक्षा की जा रही है कि अन्य ग्राम पंचायतों में भी यदि इसी प्रकार की अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो संबंधित जिम्मेदारों पर समान रूप से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## वरिष्ठ बालक छात्रावास एवं अंग्रेजी माध्यम आश्रम तक पहुंच मार्ग का अभाव



हरिभूमि न्यूज अमरपुर।

जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर मुख्यालय में संचालित वरिष्ठ बालक छात्रावास एवं अंग्रेजी माध्यम बालक आश्रम के भवन एवं बाउंड्री वॉल का निर्माण पूर्ण हो चुका है, किंतु इन संस्थानों तक पहुंचने के लिए अब तक समुचित सड़क मार्ग का निर्माण नहीं किया गया है। इससे यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

छात्रावास में रह रहे छात्रों को प्रतिदिन विद्यालय आना-जाना पड़ता है, लेकिन छात्रावास से मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क न होने के कारण उन्हें कठिन परिस्थितियों में पैदल चलना पड़ता है। मार्ग में गड्ढे एवं बड़े-बड़े पत्थर होने से आवागमन जोखिम भरा बना हुआ है। इस मार्ग पर पैदल चलना तो दूर, वाहनों का आवागमन भी अत्यंत कठिन है।ग्रामीणों द्वारा पूर्व में तत्कालीन सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला से अमरपुर-सक्का मुख्य मार्ग से आश्रम तक तथा अमरपुर-रामगढ़ मुख्य मार्ग से छात्रावास तक सड़क निर्माण की मांग की गई थी। इस पर आश्रम एवं छात्रावास के बीच सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण तो कराया गया, लेकिन निर्माण कार्य अत्यंत निम्न स्तर का होने के कारण कुछ ही दिनों में सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर धूल-धूसरित हो गई।आश्रम के मासूम विद्यार्थियों एवं छात्रावास में रह रहे छात्रों की सुविधा एवं सुरक्षा को देखते हुए ग्रामीणों ने पुनः मांग की है कि सक्का मार्ग एवं रामगढ़ मार्ग से दोनों शैक्षणिक संस्थानों तक गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य कराया जाए, जिससे विद्यार्थियों को आवागमन में राहत मिल सके और उनकी शिक्षा बाधित न हो।

## खबर का असर, पंचायत सचिव को थमाया गया कारण बताओ नोटिस

### कार्यालय बंद मिलने पर मेहंदवानी जनपद सीईओ प्रमोद ओझा ने लिया संज्ञान

शहपुरा।

हरिभूमि अख़बार में ग्राम पंचायत कोसमघाट में व्याप्त लापरवाही को लेकर प्रकाशित खबर का प्रशासनिक स्तर पर असर देखने को मिला है। खबर के प्रकाशन के बाद जनपद पंचायत मेहंदवानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद ओझा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।जानकारी के अनुसार, मेहंदवानी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसमघाट का कार्यालय 6 फरवरी 2026 को कार्यदिवस के दौरान निर्धारित समय पर बंद पाया गया था। पंचायत कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लटकने से ग्रामीणों को शासकीय कार्यों एवं अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।इस संबंध में हरिभूमि अख़बार में 7 फरवरी 2026 को समाचार प्रकाशित किया गया था, जिसका संज्ञान लेते हुए जनपद पंचायत मेहंदवानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संबंधित पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया।जारी नोटिस में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि कार्यदिवस में पंचायत कार्यालय का बंद रहना और कर्मचारियों का मुख्यालय में अनुपस्थित पाया जाना कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही का परिचायक है। यह स्थिति ग्रामीणों के प्रति प्रशासनिक दायित्वों की अनदेखी को दर्शाती है।

सीईओ द्वारा निर्देशित किया गया है कि संबंधित कर्मचारी तीन दिवस के भीतर इस गंभीर लापरवाही के संबंध में अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। नोटिस में यह भी चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में उच्च कार्यालय को अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारियों की होगी।फिलहाल प्रशासन पंचायत सचिव के स्पष्टीकरण का इंतजार कर रहा है, वहीं ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस कार्रवाई के बाद पंचायत व्यवस्था में सुधार आएगा।




## विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अमरपुर क्षेत्र में विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया

शहपुरा।

शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने पंचायत अमरपुर अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान कई विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसका शुभारंभ कन्या पूजन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया।प्रथम कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जल्दा मुडिया के ईमली टोला घाट के नीचे से सुरेश के घर की ओर सीमेंट कांक्रीट (सीसी) सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत किसलपुरी में नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का लोकार्पण किया गया।तृतीय कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसेल के पोषक ग्राम हथकटा में नवीन आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण, रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन तथा फूलसिंह मरकाम के घर से नानसिंह मरावी के घर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इसी क्रम में ग्राम पंचायत परसेल के पोषक ग्राम पिण्डरुखी में हरिसिंह के घर से ईजीएस स्कूल तक सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।पंचम कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भपसा के पोषक ग्राम नेवसा में खरमेर





नदी पर विद्युतीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वहीं छठवें कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत भपसा में अमरपुर मुख्य मार्ग से भपसा मुकद्दमटोला तक डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उन पात्र हितग्राहियों की समस्याएं भी सुनीं, जिन्हें किसी कारणवश योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।इस अवसर पर बद्री प्रसाद साहू, अध्यक्ष अनिल साहू, रोहित मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए शासन के प्रति आभार जताया।

---

## खबर संक्षेप

### आकांक्षी विकासखंड बजाग में संपूर्णता अभियान 2.0 के क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित



शहपुरा। आकांक्षी विकासखंड बजाग में "संपूर्णता अभियान 2.0" के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन को लेकर तहसील सभा कक्ष में एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य अभियान से संबंधित चयनित इंडिकेटरों की प्रगति की समीक्षा कर आगामी तीन माह की कार्ययोजना तैयार करना रहा।बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े चयनित इंडिकेटरों की सेक्टरवार समीक्षा की गई। इस दौरान सेक्टर सुपरवाइजर, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, गौ सेवक, खंड शिक्षा अधिकारी, आजीविका मिशन प्रबंधक एवं फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं के माध्यम से इंडिकेटरों की शत-प्रतिशत पूर्ति हेतु रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि एनसी पंजीयन में कुछ हितग्राहियों के अन्य राज्यों से आगमन तथा समय पर समग्र आईडी उपलब्ध न होने के कारण विलंब हो रहा है। इसके समाधान के लिए समग्र आईडी शिविरों का आयोजन कर पंजीयन सुनिश्चित करने तथा सभी इंडिकेटरों की पूर्ण संतृप्ति के लिए सहभागीय समीक्षा की गई। साथ ही जिन बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने हैं, उनकी सूची तैयार कर संबंधित ग्राम पंचायतों में आधार पंजीयन केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई गई।बैठक में नीति आयोग के प्रतिनिधि डॉ. विकास जैन एवं हरिश विश्वकर्मा ने बताया कि "संपूर्णता अभियान 2.0" का संचालन 28 फरवरी से 14 अप्रैल तक किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत चयनित छह प्रमुख इंडिकेटरों—जिसमें चार महिला एवं बाल विकास विभाग, एक पशुपालन विभाग एवं एक शिक्षा विभाग से संबंधित हैं—की शत-प्रतिशत पूर्ति हेतु आगामी तीन माह की समन्वित गतिविधि कार्ययोजना तैयार की गई है। अधिक चुनौती वाले गांवों में विशेष शिविरों एवं डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से अभियान को गति देने के निर्देश भी दिए गए।एसडीएम रामबाबू देवांगन ने निर्धारित समयावधि में चयनित छह इंडिकेटरों की पूर्ण संतृप्ति सुनिश्चित करने तथा शेष इंडिकेटरों को भी 100 प्रतिशत तक पूर्ण करने के लिए निरंतर प्रयास करने के निर्देश दिए।

### जिला स्तर पर जिला जनगणना समन्वय समिति गठित

उमरिया। निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय जनगणना भवन भोपाल व्दारा जिला स्तर पर जिला जनगणना समन्वय का गठन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जनगणना 2027 कार्य एवं गतिविधियों के सुचारू एवं सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तर पर जिला जनगणना समिति का गठन किया गया है । समिति में जिला जनगणना अधिकारी अपर कलेक्टर , अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना , सांख्यिकी अधिकारी , अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी , परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण तथा जनसंपर्क अधिकारी सदस्य होगे ।

### शा. उमावि कन्या पाली एवं बेलसरा के लिए कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिलें में आयोजित हाईस्कूल,हायर सेकेण्डरी वर्ष 2026 की मुख्य परीक्षा की गोपनीयता एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए संलग्न समय सारणी अनुसार परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व केन्द्राध्यक्षों के साथ संबंधित थानों से प्रश्न-पत्र प्राप्त किये जाने से लेकर परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचाने हेतु पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए शासकीय उमावि कन्या पाली के लिए मणिशंकर मेमार पटवारी तथा शासकीय उमावि बेलसरा के लिए अजय सिंह पटवारी हल्का बेल्दी को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किया है । उन्होने कहा कि अधिकारीगण म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशानुसार कार्य करना सुनिश्चित करें एवं परीक्षा केन्द्रो के केन्द्राध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय सारणी अनुसार प्रातः 7 बजे संबंधित थानों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### हिन्दू सम्मेलन का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** हिन्दू उत्सव समिति द्वारा हिन्दू सामाजिक व सनातन एक के प्रतीक की दिशा को नई दिशा व चेतना प्रदान करने के लिए 8 फरवरी रविवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन स्थानीय गंगा नगर कॉलोनी स्थित गंगेश्वर धाम मे किया जा रहा है। उक्त सम्मेलन मे संत, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सभी संगठनों के पदाधिकारी व नागरिक उपस्थित होगें। उक्त जानकारी पं. लक्ष्मण वैष्णव द्वारा दी गई।

### युवती की मौत, कारण अज्ञात

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंज अंतर्गत निवासी महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गीता मेहरा पिता परसोत्तम मेहरा उम्र 19 वर्ष निवासी पांसी थाना स्टेशनगंज की घर पर तबियत बिगड़ गई। जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर परीक्षण के दौरान डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### विद्या भारती प्रांतीय प्रमुख प्रभात सिंह का हुआ आगमन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रान्त शिशु वाटिका प्रमुख प्रभात सिंह का आगमन हुआ। इस अवसर पर व्यवस्थापक धर्मेन्द्र सिंह ममार ने सौजन्य भेंट कर शिशु वाटिका प्रांतीय वर्ग संसाधन पर चर्चा की गई। मई माह में आयोजित होने वाले प्रांतीय वर्ग से संबंधित दिशा निर्देश संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी, प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, राजेन्द्र पटैल एवं शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती पार्वती मिश्रा व सहायक श्रीमती अंजु यादव, सुश्री नंदिनी यादव, सुश्री मुस्कान भनारिया तथा प्राथमिक विभाग के आचार्यो की बैठक के माध्यम से शिशु वाटिका उद्यान तथा 12 आयामों चित्र पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, वस्तु संग्रहालय, चिड़िया घर, घर, कार्यशाला, कलाशाला, बगीचा, रंगमंच, तरणताल, क्रीड़ागन, प्रदर्शनी से संबंधित तैयारियों के विषय में मार्गदर्शन दिया।

### अज्ञात कारणों से किशोर की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी निवासी किशोर की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र ठेमी के ग्राम घाट बम्हौरी निवासी अभि लोधी पिता शिवराज लोधी उम्र 15 वर्ष की अज्ञात कारणों से तबियत बिगड़ गई। जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### मानधन योजना हेतु पंजीयन प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम-एसवायएम) संचालित की जा रही है। यह योजना श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना के अंतर्गत ऐसे असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच है, मासिक आय 15 हजार रुपये तक है तथा जो आयकरदाता नहीं हैं और ईपीएफओ (पीएफ), ईएसआईसी या एनपीएस के सदस्य नहीं हैं, वे इस योजना के लिए पात्र हैं और अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## सांसद श्री कुलस्ते ने बजट को लेकर पत्रकारों को किया संबोधित

# बजट में हर वर्ग के कल्याण की चिंताः कुलस्ते

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में केंद्रीय बजट 2026 - 27 को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसे पूर्व केन्द्रीय मंत्री, सांसद की एस.टी., एस.सी. कल्याण समिति के अध्यक्ष व मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़ियि, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, बजट के जिला संयोजक नीलकमल जैन, सह संयोजक सुरेन्द्र मोहन नेमा, जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। यह इस शताब्दी के दूसरे क्वार्टर का पहला बजट है और वित्त मंत्री निर्मला जी लगातार 9वीं बार संसद में बजट प्रस्तुत कर रही है।






### सर्वव्यापी व सर्वसमावेशी है बजट

श्री कुलस्ते ने कहा कि इस बजट को देखकर निश्चित तौर पर यह कहा जा सकता है कि यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार समर्पित है। यह बजट सतत आर्थिक विकास के साथ जनअपेक्षाओं को पूरा करने वाला है प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने निर्णयों से देश को सशक्त बनाने के साथ ही दुनिया में भारत की ताकत का अहसास कराया है इस बजट में उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार के अनेक अवसर प्रदान किए गये है। यह बजट सभी वर्गों की आशा आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा। बजट मोदी जी के विजन रिफार्म परफार्म और ट्रांसफोर्म को परिलक्षित कर रहा है। केंद्रीय बजट सशक्त भारत की नींव को और मजबूती प्रदान करेगा उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत के विजन का सशक्त दस्तावेज है।

### कृषि को आधुनिक बनाने लक्ष्य कृषि के साथ अर्थव्यवस्था की रीढ़ को मजबूत करने वाला बजट

फग्गन सिंह ने कहा कि बजट 2026-27 में ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसान समृद्धि को मजबूती देने के लिए पशुपालन क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। यह किसानों की कुल आय का लगभग 16 प्रतिशत है इस हेतु पशु चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए पूंजी सब्सिडी योजना शुरू किए जाने का प्रावधान किया गया है। किसानों के लिए किसानों की आय में वृद्धि करने और कृषि को आधुनिक बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस हेतु नारियल, चंदन, कोको और काजू जैसी फसलों के लिए विशेष सहायता का प्रावधान किया गया है, साथ ही वर्ष 2030 तक भारतीय काजू और कोको को प्रीमियम वैश्विक ब्रांड बनाने का लक्ष्य है। कृषि क्षेत्र में रेशम, ऊन और जूट जैसे प्राकृतिक फाइबर में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय फाइबर योजना शुरू करने की घोषणा की है।

### रोजगार के नए अवसर होंगे उपलब्ध

फग्गन सिंह जी ने कहा कि रोजगार बजट 2026 में हेल्थ केयर सिस्टम की मजबूती को ऐलान किया गया। इसे लेकर निर्मला सीतारमण ऐलान किया कि आगामी 5 सालों में 1 लाख हेल्थ प्रोफेशनल्स को जोड़ा जाएगा। 1.5 लाख केयर गिवर्स को ट्रेनिंग देने का भी ऐलान किया गया है. साथ ही राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और न्यूरोसाइकोलॉजी संस्थान स्थापित किया जाएगा। सरकार शिक्षा को रोजगार और उद्यम के साथ जोड़ने के लिए प्रयास कर रही है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर के निर्माण पर सरकार का पूरा जोर है। सरकार ने सेमीकंडक्टर को बढ़ावा देने के लिए 22,500 करोड़ बढ़ाकर 40 हजार करोड़ करने का प्रस्ताव करते हैं। इस बजट का एक प्रमुख और दूरगामी प्रावधान देशभर में 30 रासायनिक पार्कों का निर्माण है। यह भारत को वैश्विक केमिकल वैल्यू-चेन का सशक्त केंद्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। भारत तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है।



### रंजीत कुमार अहिरवार समाज के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष नियुक्त

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस अहिरवार समाज संघ भारत द्वारा रंजीत कुमार चैधरी को कार्यवाहक जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बैठक में डॉ जगदीश सूर्यवंशी राष्ट्रीय, हनुमत सिंह बौद्ध राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, एमएल वर्मा प्रदेश अध्यक्ष , , श्याम सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष व्यवसाय प्रकोष्ठ द्वारा सामाजिक क्षेत्र में एवं अजाक्स संगठन में सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर उनकी नियुक्ति गई। उनकी इस नियुक्ति पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## शिविर में 42 श्वानों को लगाए गए एंटी रेबीज के टीके

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला पशु चिकित्सालय में निशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। शिविर में पालतू श्वानों के साथ-साथ लावारिस (आवारा) श्वानों का भी प्राथमिकता के साथ टीकाकरण किया गया। इस दौरान कुल 42 श्वानों को एंटी-रेबीज के टीके लगाए गए। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया ने कहा कि निःशुल्क एंटी- रेबीज शिविर अपने आप में एक अनूठी और मानवीय पहल है। भविष्य में भी विभिन्न एनजीओ और प्रशासन के समन्वय से ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाएंगे। डॉ. नितिन किरार ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने आसपास के श्वानों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें, ताकि रेबीज जैसी घातक बीमारी को फैलने से रोका जा सके। शिविर में एबीपीओ डॉ. मनोहर तिवारी, डॉ. राकेश बमनेले, बीएल प्रधान,



छाया मुड़यि, आरती मुड़यि, ओमकार वंशकार, चिंतामन सोनी, गौसेवक मैत्री नरोत्तम शर्मा, संदीप पटेल, देवेंद्र यादव, वीरू नारोलिया, अनिल कुमार, अंकित, कौशल पटेल, विकास रजक, प्रेम रजक और अतुल यादव मौजूद थे।




### विश्व कैंसर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा एवं सिविल सर्जन डॉ. आरके चैधरी के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 30 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 125 हितग्राहियों की मुख कैंसर, स्तन कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर की निःशुल्क स्क्रीनिंग की गई। इस अवसर पर एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ. रिचा मिश्रा ने बताया कि कैंसर का समय पर चिन्हांकन होने से उपचार अधिक प्रभावी होता है। इससे रोग की जटिलताएँ कम होती हैं तथा मरीज के जीवनकाल में वृद्धि संभव होती है। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय पर जांच के महत्व को रेखांकित करना रहा।

### उत्कृष्ट, मॉडल एवं श्रमोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला उत्कृष्ट/मॉडल एवं श्रमोदय आवासीय विद्यालयों की प्रवेश चयन परीक्षा दिनांक 08 फरवरी 2026 को जिले के 08 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद, भोपाल की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। शिक्षा विभाग द्वारा जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ संस्थाओं के पात्र विद्यार्थियों को उक्त वेबसाइट से समय पर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें।

### भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं आश्रितों की वार्षिक बैठक 10 को

**सिवनी,/** जिला सैनिक कल?याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास द्वारा बताया गया कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार 10 फरवरी 2026 को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शाम 4.00 बजे जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी द्वारा भूतपूर्व सैनिकों की वार्षिक बैठक का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास ने बताया कि बैठक में शामिल होने वाले सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों से अनुरोध है कि वे शाम 3.00 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर स्थित सभा कक्ष में उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं समस्याएं लिखित रूप में नोट कराएं।

### मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं को वन स्टाप सेंटर का कराया गया भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अतिरिक्त कक्षा का संचालन किया गया जिसमें छात्र/छात्राओं को वन स्टाप सेंटर की विजिट कराई गई,प्रशासनिक अधिकारी ईशा वाल्मिक,केश वर्कर सोनल सक्सेना, वर्षा वैश्य, आकांक्षा सोनी,संध्या सनोडिया द्वारा विभाग से संबंधित,बेटी बचाओ बेटी पढाओ,नारी अदालत आदि जानकारी दी गई,जिसमे विकासखंड समन्वयक मोनिका चौरसिया परामर्श दाता कविता बेले,शोभा बघेल, सुधीर सिंह ठाकुर, पीयूष दुबे मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### पुलिस फायरिंग अभ्यास का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पुलिस द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार फायरिंग अभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। अभ्यास का उद्देश्य पुलिस बल की निशानेबाजी दक्षता, आत्मविश्वास एवं आपात परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की क्षमता को सुदृढ़ करना है। इस दौरान विगत तीन दिवस में पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिले के समस्त एसडीओपी, डीएसपी सहित लगभग 200 पुलिस जवानों ने विभिन्न हथियारों से लक्ष्य भेदन का अभ्यास किया। इस दौरान सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन करते हुए अभ्यास संपन्न कराया गया। उक्त फायरिंग अभ्यास से पुलिस बल की कार्यकुशलता एवं तत्परता में वृद्धि होने के साथ-साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखने में और अधिक मजबूती प्राप्त होगी।

## पांचवीं के छात्रों का हुआ विदाई समारोह



### पालकों सहित शिक्षकों एवं ग्राम के जनप्रतिनिधियों ने लिया भाग

**तेंदूखेड़ा** शनिवार को चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुन्हेटी में शासकीय प्राथमिक शाला में अध्ययनरत कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ग्राम पंचायत भौंरा के सरपंच ओमप्रकाश पटेल दददू जगदीश उदेनिया रामकुमार पटेल शाला के साथ साथ प्रधान पाठक राजेश कुमार पटेल शिक्षक तरबर सिंह किरार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सभी पालक अभिभावक और शाला के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।इस मौके पर ग्राम सरपंच ओमप्रकाश पटेल ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अगली बड़ी कक्षाओं में मन लगाकर पढ़ाई करने से लेकर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाकर प्रशासनिक सेवाओं के साथ अच्छे उद्यमी बनने की बात कही। सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## जन-जागरण से समाज में आती है चेतना

### शिविर समापन पर बोले प्रबंधक

**तेंदूखेड़ा** आत्मनिर्भर बनने की दिशा में जहां शिविरों से हमें सीखनें मिलता है वहीं इन शिविरों के माध्यम से किये जाने वाले जन हितैषी जन जागरण विषयों से समाज में चेतना आती है। वहीं कुपोषण से लेकर बाल मृत्यु दर में आश्चर्यजनक गिरावट आना भी जागरुकता का जीता-जागता उदाहरण है।उक्ताशय के विचार आदिवासी ग्राम मर्रावन में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के संत मोनी महिला महाविद्यालय के सात दिवसीय समापन अवसर पर प्रबंधक डॉ प्रकाश जैन ने व्यक्त किए।इस मौके पर प्रबंधक डॉ प्रकाश जैन ने कहा कि हमें हमेशा अपने जीवन में समर्पित भाव से अच्छे काम करना चाहिए। अनुशासन सकारात्मक रचनात्मक सोच सदैव हमारे जीवन को सफलता की और ले जाती है। सरस्वती पूजन और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुये इस समापन कार्यक्रम में शिविर नायिका शिवानी लोधी एवं उप नायक दीक्षा खंगार द्वारा सात दिवसों में किये गये क्रिया कलापों का विस्तार से उल्लेख किया तथा कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अरुणा जैन के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। ग्राम पंचायत मर्रावन के सरपंच द्वारा शिविर के दौरान छात्राओं की सहायता की उपस्थित जनों ने प्रशंसा की।इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती किरण प्रभा जैन सर्वोदय विद्यालय के प्राचार्य कमल कुमार शास्त्री प्राध्यापक सीताराम रैकवार मर्रावन हाईस्कूल के प्रभारी प्राचार्य बलबंत सिंह ठाकुर सहित विभिन्न वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखते हुए शिक्षा समाज की प्रगति का प्रमुख घटक बताया। तथा आदिवासी अंचलों में ऐसे शिविरों से निश्चित रुप से जागृति तो आती ही है।50 छात्राओं में 8-8 छात्राओं के दल बनाये गये थे जिन्होंने ना केवल मर्रावन बल्कि इमलिया खकरैडी ब्रह्मानी मौआखेडा दोनों में जन जागरण कर बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ भ्रूण हत्या बाल विवाह रोकने स्वच्छता शिक्षा और व्यसन मुक्त समाज निर्माण विषय पर नुक्कड़ नाटिकाओं तथा रैलियों के माध्यम से जन जागरण किया। सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन आशुतोष नामदेव तथा आभार कार्यक्रम प्रभारी अरुणा जैन ने व्यक्त किया। सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

